Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

हाईवे चैनल

वर्ष- 28 अंक- 210 रायपुर, रविवार 24 अगस्त 2025 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

कोईमेटा जंगल में मिला नक्सलियों का डम्प विस्फोटक सामग्री का जखीरा बरामद

जगदलपुर/सुकमा, 24 अगस्त (हाईवे चैनल)। नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर मेट्टागुड़ा कैंप से जवानों की टीम नक्सल विरोधी अभियान के लिए रवाना हुई थी. इस दौरान जवानों को नक्सलियों के खुफिया डंप को बरामद कर बड़ी सफलता हासिल हुई है. नक्सलियों के छिपाए गए कंट्रीमेड रायफल, विस्फोटक और भारी मात्रा में लोहे की सामग्री सुरक्षाबलों ने बरामद की है.

जानकारी के मुताबिक, 23 अगस्त को जवानों को नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी. इसके बाद 203 कोबरा वाहिनी, 241 बस्तर बटालियन सीआपीएफ और जिला बल की संयुक्त पार्टी नक्सल विरोधी अभियान के लिए ग्राम बोटेलंका, ईरापल्ली, कोईमेंटा पहाड़ी, दारेली व आस-पास क्षेत्र की ओर रवाना हुई. अभियान के दौरान कोईमेंटा पहाड़ी में नक्सलियों द्वारा डंप कर कंट्रीमेड हथियार और अन्य नक्सल सामग्री को बरामद किया गया. बरामदगी के दौरान जवानों को नक्सलियों के डंप से भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक सामग्री मिली है. इसमें कंट्रीमेड रायफल, बीजीएल लांचर और उसका बैरल, यूएवी नेत्रा का टूटा हुआ प्रोपेलर, इलेक्ट्रिक होल्डर वेल्डिंग, बैंच वाइस और स्टील पाइप शामिल है. इसके अलावा 7 लोहे के छड़, करीब 2 किलो वजनी 45 लोहे के बेस प्लेट, 8 किलो के 47 पोल एंगलर और लगभग 480 भारी-भरकम आयरन क्लैंप बरामद किए गए, वहीं 35 ग्राउंड सपोर्टर, 1 किलो, 18 और 12 इंच के दर्जनों क्लैंप, एक टी-टाइप क्लैंप, काला वर्दी, एम्युनेशन पाउच और टूटी हुई इन्वर्टर बैटरी भी मिली. मौके से करीब 20 मीटर इलेक्ट्रिक वायर और एक इलेक्ट्रिकल एक्सटेंशन बोर्ड भी जब्त किया गया.

रायपुर, 24 अगस्त (हाईवे चैनल)। 27 अगस्त को गणेश चतुर्थी को लेकर बाजार गुलजार है। गणेश भगवान की मूर्तियां शहर के हर चौक-चौराहों पर बिकने के लिए बाजार में सजी हुई हैं। प्रशासन ने इस बार यह ऐलान किया है कि गणेश की मूर्तियां सड़कों पर नहीं बिकेंगी। इसके लिए अलग से स्थान निर्धारित किया जाएगा। लेकिन यातायात पुलिस विघ्नहर्ता के सामने खुद नतमस्तक हैं।

ब्रेकिंग न्यूज

76 हेलीकॉप्टर खरीदने की तैयारी में भारतीय नौसेना; राहत-बचाव कार्य समेत पेट्रोलिंग में मिलेगी मदद

नई दिल्ली, 24 अगस्त (न्यूज चैनल)। भारतीय नौसेना ने 76 नौसैन्य हेलीकॉप्टर खरीदने के लिए सूचना का अनुरोध जारी किया है। इसके तहत 76 हेलीकॉप्टर में से 51 भारतीय नौसेना के लिए होंगे, जबकि बचे हुए 25 भारतीय तटरक्षक बल के लिए होंगे। नौसेना इन हेलीकॉप्टरों का उपयोग समुद्री खोज और बचाव, हताहतों को निकालने, संचार कार्यों और कम तीव्रता वाले समुद्री अभियानों के लिए करना चाहती है।

शुभांशु शुक्ला के लिए राजनाथ सिंह बोले- 'हनुमान जी का भक्त आसमान की ऊंचाइयों को एकर लौटा है'

नई दिल्ली, 24 अगस्त (न्यूज चैनल)। दिल्ली में भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला और गगनयान मिशन पर जाने वाले उनके अन्य सहयोगियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस सम्मान समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी शामिल हुए। इस दौरान रक्षा मंत्री ने गगनयात्रियों की जमकर तारीफ की और कहा कि पूरे देश को गगनयात्रियों पर गर्व है और सभी देशवासी गौरवान्वित हैं। राजनाथ सिंह ने कहा कि %प्रशिक्षण के दौरान आप सभी ने जो मेहनत की, वह न केवल प्रभावशाली थी, बल्कि मैं कहूंगा कि उत्कृष्ट थी। मुझे भारत माता के सपूत, ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला और उनके अन्य सहयोगियों, ग्रुप कैप्टन पी वी नायर, ग्रुप कैप्टन अजीत कृष्णन और ग्रुप कैप्टन अंगद प्रताप का स्वागत और अभिनंदन करते हुए सचमुच गर्व महसूस हो रहा है।

रूस के साथ शांति वार्ता में अहम भूमिका निभाए भारत

नई दिल्ली, 24 अगस्त (न्यूज चैनल)। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति पुतिन के रूस-यूक्रेन संघर्ष विराम को लेकर बैठक के बाद यूक्रेनी राजदूत ने पीएम मोदी से अहम अपील की है। भारत में यूक्रेन के राजदूत ओलेक्सांद्र पोलिशचुक ने कहा कि रूस-यूक्रेन संघर्ष को समाप्त करने में भारत को सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। यूक्रेन भारत को रूस के साथ शांति वार्ता कराने के लिए प्रमुख देश मानता है। राजदूत पोलिशचुक ने 2023 से यूक्रेन और भारत के बीच बढ़ते संवाद का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि भारत रूस-यूक्रेन युद्ध में तटस्थ नहीं है, लेकिन शांति, कूटनीति और राजनीतिक संवाद का दृढ़ता से समर्थन करता है। यूक्रेन सितंबर में आगामी यूएनजीए सत्र में इस बातचीत को जारी रखने की उम्मीद करता है।

साल का दुसरा चंद्र ग्रहण 7 सितंबर को रात 9.58 पर होगा शुरु

नई दिल्ली, 24 अगस्त (न्यूज चैनल)। वर्ष 2025 का दूसरा और बेहद खास चंद्र ग्रहण 7 सितंबर, रविवार को पड़ने वाला है। यह एक पूर्ण चंद्र ग्रहण होगा, जिसकी शुरुआत रात 9 बजकर 58 मिनट पर होगी और यह ग्रहण धीरे-धीरे अपनी पूर्ण अवस्था तक पहुंचेगा। पूरी प्रक्रिया लगभग साढ़े तीन घंटे चलेगी और अंत में यह ग्रहण रात 1 बजकर 26 मिनट पर समाप्त होगा। इस अवधि के दौरान चंद्रमा पूरी तरह से पृथ्वी की छाया में ढक जाएगा और अपने प्राकृतिक चमकदार सफेद रंग के बजाय गहरे लाल और तांबे जैसे रंग का दिखाई देगा। इसी अद्भुत नजारे को वैज्ञानिक और खगोलविद ब्लड मून कहते हैं। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि जब सूर्य की किरणें पृथ्वी के वायुमंडल से होकर गुजरती हैं, तो वे मुड़कर केवल लाल रंग की रोशनी को चंद्रमा तक पहुंचाती हैं। इस दिन लोगों को आकाश में एक बहुत ही दुर्लभ और



खूबसूरत दृश्य देखने का अवसर मिलेगा, जिसे नंगी आंखों से भी आसानी से देखा जा सकेगा। यह घटना भारत सहित दुनिया के कई हिस्सों में नजर आएगी और धार्मिक व वैज्ञानिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है। भारत में यह चंद्र ग्रहण पूरी तरह दिखाई देगा, इसलिए इसका सूतक काल भी मान्य होगा। शास्त्रों के अनुसार चंद्र ग्रहण से ठीक 9 घंटे पहले सूतक काल शुरू हो जाता है। ऐसे में 7 सितंबर को दोपहर 12 बजकर 57 मिनट से सूतक काल आरंभ हो जाएगा और यह अवधि ग्रहण समाप्त होने तक यानी रात 1 बजकर 26 मिनट तक चलेगी।

निक्की मर्डर केस : पुलिस एनकाउंटर में आरोपी पति के पैर में लगी गोली

नई दिल्ली, 24 अगस्त (न्यूज चैनल)। गौतमबुद्ध नगर जिले के ग्रेटर नोएडा में निक्की हत्याकांड के मुख्य आरोपी उसके पति विपिन को आज पुलिस ने सिरसा चौराहे के पास मुठभेड़ में पैर में गोली मारकर घायल कर दिया। साथ ही उसे गिरफ्तार कर लिया है द्य पुलिस के मुताबिक, आरोपी हिरासत से भागने का प्रयास कर रहा था। सिरसा के पास पुलिस ने गोली मारी जो उसके पैर में लगी। इसके बाद उसको गिरफ्तार कर लिया गया है द्य बता दें कि विपिन ने अपनी पत्नी निक्की को ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगाकर हत्या कर दी थी इसको लेकर दो दिनों से मामला सुर्खियों में हैद्य पुलिस ने निक्की के पति विपिन के अलावा उसके जेठ और सास ससुर को भी मुख्य आरोपी बनाया गया है। विपिन ने मासूम बच्चे के सामने पत्नी निक्की की आग लगाकर हत्या की थी और फरार हो गया था। गंभीर रूप से झुलसने पर महिला की बहन उसे पड़ोसियों की मदद से अस्पताल ले गई, दो अस्पताल बदले, लेकिन इलाज के दौरान महिला ने दम तोड़ दिया।



पुलिस ने जुआरियों पर की छापामार कार्रवाई 11 गिरफ्तार

दुर्ग/भिलाई, 24 अगस्त (हाईवे चैनल)। बावन परियों के साथ शहर के धन्ना सेठों के खेलने की खबर पर वैशाली नगर और भिलाई नगर पुलिस टीम की संयुक्त ने छापामार कार्रवाई की. मौके से 11 लोगों को छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर 10 नग मोबाइल के साथ नगद 2,18,000 रुपए जब्त किया गया.

जानकारी के अनुसार, पुलिस को 23 अगस्त को मुखबिर से सूचना मिली कि रामनगर जलाराम केटर्स के पीछे कुछ लोग पैसे लगाकर ताश पत्ती खेल रहे हैं. इस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में तत्काल थाना वैशालीनगर और भिलाई नगर की टीम के साथ नगर पुलिस अधीक्षक भिलाई नगर ने छापामार कार्रवाई की. पुलिस को देखकर जुआ खेल रहे आरोपियों ने भागने का प्रयास किया, लेकिन चाक-चौबंद पुलिस ने घेराबंदी कर सभी जुआरियों को पकड़ लिया. पकड़े गए बावन परियों के शौकिनों में खुर्सीपार निवासी गोपाल कुमार अग्रवाल, स्मृति नगर निवासी प्रदीप लाया, वैशाली नगर निवासी एके जैन, दुर्ग निवासी बुधराम निर्मलकर, जामुल निवासी मनोज सिंह, वैशाली नगर निवासी पवन कुमार, स्मृति नगर निवासी अनूप कुमार धीटे, मोहन नगर निवासी शंक गेडवानी, वैशाली नगर निवासी विनोद अग्रवाल, जामुल निवासी रोहन अग्रवाल और वैशाली नगर निवासी राजेश शामिल हैं. बताया गया कि आरोपीगणों के कब्जे से 10 मोबाइल, 52 पत्ती ताश और नगदी 218000 रुपए को समक्ष गवाहों के जब्त किया गया. आरोपीगणों के विरूद्ध थाना वैशाली नगर में अपराध क्रमां-284/2025, धारा छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया जाकर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है.

महिला कारोबारी से 50 लाख की ठगी, दूसरा आरोपी भी अरेस्ट

रायगढ़, 24 अगस्त (हाईवे चैनल)। नाबार्ड योजना के तहत 6 करोड़ का प्रोजेक्ट दिलाने जांजगीर चांपा की महिला से 50 लाख की ठगी की है। 2 लोगों ने नाबार्ड योजना का फर्जी टेंडर दिखाकर भरोसा दिलाया कि कंपनी को प्रोजेक्ट दिलवाएंगे झांसे में आकर महिला ने किश्तों में पैसे दे दिए। इस मामले में मुख्य आरोपी को पुलिस ने पहले ही पकड़ लिया था। दूसरे फरार सह-आरोपी को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

मामला चक्रधर नगर थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, जांजगीर चांपा के ग्राम खोखरी की रहने वाली अनिता साहू (40) महानदी एग्रो फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी का संचालन करती है। यह कंपनी खाद, बीज और दवा किसानों को बेचती है। रायगढ़ के डूमरपाली निवासी रंजीत चौहान (29) और सुदीप मंडल (40) से अनिता को पहचान सुनील कश्यप, अभिषेक देवांगन, छवि बंजारे, मनहरन पटेल और सुरेश बानी के माध्यम से हुआ। तब रंजीत चौहान ने कहा कि, आपका रजिस्टर्ड कंपनी है। मैं आपके कम्पनी को नाबार्ड योजना से 6 करोड़ का प्रोजेक्ट एक महीने के भीतर दिला दूंगा। रंजित ने अनिता से कहा कि, इसके लिए 50 लाख रुपए असीम कृपा फाउन्डेशन बोईरदादर के नाम पर जमा करना होगा। अनिता को उस पर यकीन नहीं हुआ और उसने पैसे जमा करने से इनकार कर दिया। ऐसे में रंजित ने उसे झांसे में लेने के लिए 50 लाख रुपए का फर्जी चेक 15 नवंबर 2025 को पिछला तारीख का डालकर दिया। इससे अनिता ने उस पर विश्वास कर लिया। इस दौरान, अनिता को पता चला कि रंजित चौहान और सुदीप मंडल के खिलाफ एफआईआर दर्ज है। जब अनिता ने उनसे संपर्क किया, तो रंजित ने एफआईआर की बातों को गलत बताया। इसके बाद, रंजित ने नाबार्ड प्रोजेक्ट का दो करोड़ रुपए का चेक आने की बात कहते हुए 50 लाख रुपए असीम कृपा फाउंडेशन के खाते में डालकर चेक ले जाने की बात कही।

इसके बाद, अनिता ने उस पर यकीन करते हुए किस्तों में 27 लाख रुपए उसके खाते में डाल दिए। 5 जनवरी को कैश 23 लाख रुपए उसके असीम कृपा फाउंडेशन के कार्यालय में जाकर दिया। अनिता ने उसके दिए चेक से कैश निकालने बैंक गई, तो पता चला कि खाते में पैसे ही नहीं है। जांच कराने पर पता चला कि, जिस खाते नंबर का चेक था, वो खाता ही बंद है। अनिता ने फोन से रंजित से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन उसके बात नहीं हो सकी। इसके बाद उसके कार्यालय में जाकर पता करने पर जानकारी मिली कि वे दोनों फ्रॉड हैं। जिसके बाद उसे एहसास हो गया कि उसके साथ धोखाधड़ी हुई है।

भारतीय क्रिकेटर चेतेश्वर पुजारा ने किया रिटायरमेंट का ऐलान

नई दिल्ली, 24 अगस्त (न्यूज चैनल)। भारतीय क्रिकेट में एक और युग का अंत हो गया है। दरअसल, महान बल्लेबाज राहुल द्रविड़ के बाद भारतीय टीम की टेस्ट की दीवार कहे जाने वाले चेतेश्वर पुजारा ने क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से रिटायरमेंट का ऐलान कर दिया है। चेतेश्वर पुजारा न सिर्फ इंटरनेशनल क्रिकेट में बल्कि प्रोफेशनल डोमेस्टिक क्रिकेट में भी आपको अब खेलते हुए नहीं दिखेंगे। पुजारा ने आखिरी इंटरनेशनल क्रिकेट मैच भारत के लिए 2023 में खेला था जो वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2023 का फाइनल था। दाएं हाथ के बल्लेबाज पुजारा ने सोशल मीडिया के जरिए अपने रिटायरमेंट की जानकारी दी। उन्होंने एक लंबा पोस्ट लिखा कि, भारतीय जर्सी पहनना, राष्ट्रगान गाना और हर बार मैदान पर कदम रखते ही अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करना- इसका असली मतलब शब्दों में बयां करना नामुमकिन है, लेकिन जैसा कि कहते हैं हर अच्छी चीज का अंत होना ही होता है और यही हो गया है। अपार कृतज्ञता के साथ मैंने भारतीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने का फैसला किया है।

अररिया पहुंचकर मोदी सरकार पर जमकर बरसे राहुल गांधी, चुनाव आयोग को बताया 'चुनावी चूक'

नई दिल्ली, 24 अगस्त (न्यूज चैनल)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अपनी %वोटर अधिकार यात्रा% के दौरान बिहार के पूर्णिया से अररिया पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार %वोट चोरी% का प्रयास कर रही है।

अररिया में एक जनसभा को संबोधित करते हुए, राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा सरकार बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (स्क्रूक) के माध्यम से गरीबों के वोट चुराने की कोशिश कर रही है। उन्होंने इस प्रक्रिया को चुनाव आयोग के समर्थन से %वोट चुराने का एक संस्थागत तरीका% बताया। गांधी ने कहा, %नरेंद्र मोदी सरकार... सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों का निजीकरण करने के बाद... अब चुनाव आयोग की मदद से स्क्रूक के जरिए गरीबों के वोट चुराना चाहती है।%

उन्होंने कटाक्ष करते हुए चुनाव आयोग को %चुनावी चूक% बताया। उन्होंने दावा किया कि यह कदम असंवैधानिक है और इसका मकसद बिहार में आगामी विधानसभा चुनावों से पहले समाज के वंचित वर्गों को वोट देने के अधिकार से वंचित करना है। राहुल गांधी ने जोर देकर कहा कि इंडिया गठबंधन बिहार में ऐसा नहीं होने देगा। उन्होंने कहा कि संविधान हर नागरिक को समान अधिकार देता है

जीजीयू में असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती का मामला पहुंचा हाईकोर्ट, नए विज्ञापन पर लगी रोक

रजिस्ट्रार और एग्जीक्यूटिव काउंसिल से मांगा गया जवाब

बिलासपुर, 24 अगस्त (हाईवे चैनल)। बिलासपुर के गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय में सहायक प्राध्यापक फोरेंसिक साइंस पद की भर्ती का मामला हाईकोर्ट पहुंच गया है. कोर्ट ने विश्वविद्यालय द्वारा 22 मई 2025 को जारी नए विज्ञापन पर रोक लगाते हुए रजिस्ट्रार और एग्जीक्यूटिव काउंसिल को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है. मामले की सुनवाई जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल की बेंच में हुई।

गुरुघासीदास विश्वविद्यालय ने वर्ष 2019 में सहायक प्राध्यापक फोरेंसिक साइंस पद पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया था. इस पर दुर्ग निवासी आइ. अर्जुन राव और मौमिता सिंहा समेत कई अभ्यर्थियों ने आवेदन किया. दस्तावेज परीक्षण और चयन सूची में दोनों का नाम क्रमशः 8 और 17 नंबर पर शामिल हुआ. साक्षात्कार की प्रक्रिया के दौरान एक अपात्र अभ्यर्थी सुषमा उपाध्याय ने उच्च न्यायालय में रिट याचिका दायर की थी. सुनवाई के दौरान अदालत ने विश्वविद्यालय को साक्षात्कार परिणाम जारी करने से रोक दिया था. हालांकि, अंतिम सुनवाई में सुषमा उपाध्याय की याचिका खारिज कर दी गई. लेकिन विश्वविद्यालय ने चयन सूची घोषित नहीं की. एग्जीक्यूटिव काउंसिल ने यह कहते हुए 2019 का विज्ञापन निरस्त कर दिया कि विज्ञापन को जारी हुए छह वर्ष बीत चुके हैं, जबकि चयन सूची की वैधता एक वर्ष की होती है. परिषद ने नए सिरे से विज्ञापन निकालने का निर्णय लिया और 22 मई 2025 को दोबारा आवेदन आमंत्रित किए. इससे नाराज आइ. अर्जुन राव और मौमिता सिंहा ने अधिवक्ता मतीन सिद्दीकी के माध्यम से हाई कोर्ट में याचिका लगाई. मामले की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने 22 मई 2025 के विज्ञापन पर रोक लगा दी और विश्वविद्यालय से जवाब तलब किया है।